बिहार सरकार
कृषि विभाग।

पत्र संख्या- 11/कृ.नि.भू.सं.(यो.)12/2014- /कृ, पटना, दिनांक

प्रेषक,

प्रभु राम (बि.प्र.से.)
निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

(+)अनौपचारिक रुप से परामर्शित। द्वारा: वित्त विभाग, बिहार, पटना। (+)

विषय : राज्य योजना अन्तर्गत मृदा एवं जल संरक्षण कार्यक्रम वर्ष 2014-15 हेतु कुल 2697.313 लाख (छब्बीस करोड संतानवे लाख एकतीस हजार तीन सौ रूपये) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति के अधीन अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 13.35 लाख (तिरह लाख पैतीस हजार) रुपये निकासी एवं व्यय की स्वीकृत।

**आदेश : स्वीकृत।**

निदेशानुसार कहना है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य योजना अन्तर्गत मृदा एवं जल संरक्षण कार्यक्रम वर्ष 2014-15 के लिए 2697.313 लाख रूपये (छब्बीस करोड संतानवे लाख एकतीस हजार तीन सौ रूपये) की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति के अधीन अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 13.35 लाख (तिरह लाख पैतीस हजार) रुपय निकासी एवं व्यय की स्वीकृत प्रदान की गई है। यह शत-प्रतिशत राज्य योजना से वित्त पोषित योजना है।

2. कृषि रोड मैप के अधीन राज्य योजनान्तर्गत समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार भूमि एवं जल संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के संरचनाओं का निर्माण करने, शुष्क बागवानी के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति की निजी भूमि पर पौधारोपण को बढावा देने तथा भूमि एवं जल संरक्षण कार्यो से उपचारित क्षेत्र के भूगर्भ जलस्तर मे वृद्धि लाने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में राज्य के 8 जिलो में वर्षा जल के बहाव के प्रबंधन के लिए कुल 809 जल संचयन संरचना का निर्माण एवं 480 Unit (1Unit/100 Plant) में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जमीन पर फलदार वृक्ष लगाने का कार्य संलग्न अनुसूचि-। के अनुसार किया जायेगा।

3. योजना कार्यान्वयन हेतु वित्तीय प्रवाह बिहार जलछाजन विकास सोसायटी के माध्यम से किया जायेगा। भूमि संरक्षण निदेशालय के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा सचिवालय कोषागार से राशि की निकासी कर बिहार वाटरशेड डेवलपमेंट सोसायटी को पूर्व प्राप्ति रसीद के आधार पर निधि का हस्तांतरण किया जायेगा। सोसायटी द्वारा निदेशक, भूमि संरक्षण के परामर्श से संबंधित जिलों के कार्यान्वयन एजेंसी (सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण) को राशि उपलब्ध कराया जायेगा एवं इसकी सूचना सम्बंधित जिलो के उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) भूमि संरक्षण को दी जायेगी।

4. राज्यादेश संख्या 4780 दिनांक 17.10.2014 में अंकित निदेश/शर्त यथावत रहेगा।

5. इस योजना के सर्वोपरी नियंत्रण पदाधिकारी अपर निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण/निदेशक भूमि संरक्षण बिहार, पटना होंगे।

6. स्वीकृत राशि 13.35 लाख रूपया का व्यय मुख्य शीर्ष- 2402 मृदा तथा जल संरक्षण, उपमुख्य शीर्ष- 00, लघु शीर्ष- 789 अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, मॉग संख्या- 1, उपशीर्ष- 0101 भूमि संरक्षण कार्य, विपत्र कोड- पी2402007890101, राज्य योजना स्कीम कोड ए0जी0आर0:5038, विषय शीष- 31 06 सहायक अनुदान-वेतनादि के अलावा, वर्ष 2014-15 में उपबंधित 454.40 लाख रू0 से विकलनीय होगा।

7. मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या 602 दिनांक 20.03. 2007 एवं वित्त विभाग के संकल्प संख्या -96 वि0 (2) दिनांक 03.01.2008 में निहित प्रावधान के आलोक में उक्त योजना के कार्यान्वयन में मंत्रिपरिषद की स्वीकृत संचिका संख्या 11/कृ.नि.भू.सं.(यो0)12/2014 के पृ0सं0 16/टि0 पर दिनांक 02.09.2014 को प्राप्त है।

8. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या 7355 वि0 (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

9. राज्यादेश में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या 11/कृ.नि.भू.सं.(यो0)12/2014 के पृ0 59/टि0 पर दिनांक 26.03.2015 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/-

(प्रभु राम)
निदेशक (प्रशासन) -सह- अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक - /भू0सं0, पटना, दिनांक

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ वित्त विभाग, बिहार, पटना/ मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
निदेशक (प्रशासन)
-सह- अपर सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक - /भू0सं0, पटना, दिनांक

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री कृषि बिहार के आप्त सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त बिहार पटना के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, उद्यान, बिहार, पटना/निदेशक, पी0पी0एम0, कृषि विभाग/सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/-
निदेशक (प्रशासन)
-सह- अपर सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 1659 /भू०सं०, पटना, दिनांक 29.03.2015

प्रतिलिपि : निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/संयुक्त कृषि निदेशक (योजना) कृषि निदेशालय, बिहार, पटना/सभी सम्बंधित संयुक्त कृषि निदेशक/उप निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण, दक्षिणी बिहार परिक्रम, पटना/उप निदेशक (शष्य) योजना भूमि संरक्षण बिहार, पटना/उप निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण, मुख्यालय -सह- निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भूमि संरक्षण निदेशालय, बिहार, पटना/सभी जिला स्तरीय उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) भूमि संरक्षण/सभी जिला स्तरीय सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण/बजट एवं योजना शाखा, कृषि विभाग एवं भूमि संरक्षण निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित एवं उप कृषि निदेशक (सूचना) को विभाग के बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक (प्रशासन)
-सह- अपर सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

अनुसूचि – I

# Soil & Water Conservation Works "STATE PLAN 2014-15"

Rs. in lakh/Physical in No. & Ha.

| S. N. | Name of District. | Physical And Financial Target of Scheme | | | | | | | | | | | | | Sanctioned Amount. P240200789 0101 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Farm Pond | | W.H.S. | | S.D.D. | | Pucca Check | | DLH on SC/ST | | Total. | | | |
| | | Phy. No. | Fin. | Phy. No. | Fin. | Phy. No. | Fin. | Phy. No. | Fin. | Phy. Unit | Fin. | Phy No. | Phy Unit | Fin. Rs. | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 2 | Banka | 27 | 32.967 | 21 | 54.873 | 28 | 56.000 | 37 | 259.000 | 160 | 99.200 | 113 | 160.00 | 502.040 | 0.00000 |
| 2 | Munger | 11 | 13.431 | 24 | 62.712 | 24 | 48.000 | 10 | 70.000 | 25 | 15.500 | 69 | 25.00 | 209.643 | 1.99000 |
| 3 | Jamui | 38 | 46.398 | 40 | 104.520 | 35 | 70.000 | 44 | 308.000 | 110 | 68.200 | 157 | 110.00 | 597.118 | 0.00000 |
| 4 | Gaya | 45 | 54.945 | 39 | 101.907 | 41 | 82.000 | 35 | 245.000 | 50 | 31.000 | 160 | 50.00 | 514.852 | 0.00000 |
| 5 | Nawada | 80 | 97.680 | 24 | 62.712 | 10 | 20.000 | 9 | 63.000 | 30 | 18.600 | 123 | 30.00 | 261.992 | 4.86500 |
| 6 | Rohtas | 22 | 26.862 | 12 | 31.356 | 16 | 32.000 | 6 | 42.000 | 20 | 12.400 | 56 | 20.00 | 144.618 | 1.98600 |
| 7 | Aurangabad | 12 | 14.652 | 10 | 26.130 | 12 | 24.000 | 12 | 84.000 | 15 | 9.300 | 46 | 15.00 | 158.082 | 1.49400 |
| 8 | Kaimur | 23 | 28.083 | 22 | 57.485 | 20 | 40.000 | 20 | 140.000 | 70 | 43.400 | 85 | 70.00 | 308.968 | 3.01500 |
| | Grand Total | 258 | 315.018 | 192 | 501.695 | 186 | 372.000 | 173 | 1211.000 | 480 | 297.600 | 809 | 480.00 | 2697.313 | 13.35000 |

राशि तेरह लाख पैतीस हजार रुपये मात्र।

उप निदेशक (शष्य) योजना
भूमि संरक्षण, बिहार, पटना।

निदेशक, भूमि संरक्षण
बिहार, पटना।

निदेशक प्रशासन –सह– अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।